# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन के युवा प्रतिभागियों से करेंगे संवाद : लखनऊ, गौतमबुद्धनगर और मेरठ सहित देशभर के 51 सेन्टर पर होंगे कार्यक्रम।
- यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से होगा शुरू। 17 दिसंबर को प्रदेश सरकार सदन में प्रस्तुत करेगी दूसरा अनुपूरक बजट।
- राष्ट्रीय जांच एजेंसी– एनआईए की विशेष अदालत ने लखनऊ में हिज्बुल–मुजाहिदीन के आतंकी को सुनाई आजीवन कारावास और 50 हजार रूपये के जुर्माने की सजा।
- हाथरस में हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, आठ घायल।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से शुरू हो रहे स्मार्ट इंडिया हैकथॉन–7.0 के युवा प्रतिभागियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम लखनऊ, गौतमबुद्धनगर और मेरठ के विश्वविद्यालय और कॉलेज सहित देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। जहां, 1300 टीमें शामिल होंगी। कार्यक्रम का उद्‌घाटन केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान वर्चुअल माध्यम से करेंगे। यह हैकाथॉन एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य छात्रों को दैनिक जीवन में आने वाली गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंचप्रदान करना है। मेरठ के शोभित विश्वविद्यालय को इस आयोजन के केंद्र के रूप में चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को नवाचार और समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरित करना है।

***पूरे देश से 28 टीम यहां पर आयेंगी। 12 राज्यों से होगी आईटी मुंबई से लेकर केरल के बहुत दूर तक कॉलेजों से ये वो टीमे है जिनका सलेक्शन हजारों टीमों के बीच में से हुआ है। मिनिस्टरी ऑफ सोशल जस्टिस एंड इनपॉवरमेंट द्वारा 5 प्रावलम्ब के सेल्यूशन के लिये इस नोबल सेंटर को चुना गया है। हमारे लिये गर्व की बात यह है कि देश के 51 में से एक सेंटर मेरठ भी है। इस हैकेथॉन में 5 प्रावलम्ब पर काम किया जायेगा और जिसके विजेताओं को एक–एक लाख रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी।***

**********

यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हवाले से प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 16 दिसंबर को औपचारिक काम के साथ अध्यादेश, अधिसूचनाएं, नियम आदि विधानसभा के पटल पर रखे जाएंगे। इसके साथ ही विधायी कार्य भी होंगे। दूसरे दिन यानी 17 दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2024–25 का दूसरा अनुपूरक बजट दोनों सदनों में प्रस्तुत किया जाएगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद इसे सरकार पारित कराएगी। इसके बाद विधायी कार्य होंगें। 19 और 20 दिसंबर को भी विधायी कार्य होंगे। सरकार ने इससे पहले जुलाई में बारह हजार दो सौ नौ करोड़ रूपये का पहला अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी भी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आज की पीढ़ी के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए कहा कि युवा पीढ़ी मोबाइल पर अत्यधिक समय बिताने से बचें।

***हम टेक्नोलॉजी से भाग नहीं सकते। लेकिन याद रखना तकनीक मानव के लिए है। मानव तकनीक के लिए नहीं है। हम तकनीक को अपने अनुसार संचालित करे। हम तकनीक के अनुसार संचालित न हो। एक इस बात पर ज़रूर ध्यान देना। दूसरा इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है। खासतौर पर आज के युवाओं के लिए हम अक्सर देखते है। एक तो ज्यादातर माँ बाप ने अपने बच्चों को मोबाइल फोन दे दिया है। उसका अगर इस्तेमाल आपके लिए उपयोगी है तो करिए अन्यथा उसको अपने घर में रखिये। सुरक्षित रखिये आपके समय का एक बड़ा समय आपका स्मार्ट फोन खा जा रहा है।***

इस मौके पर श्री कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि शिक्षा, कौशल और अनुभव से अगर व्यक्ति केवल खुद का विकास कर रहा है तो वह अधूरा है। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले हमारे ऋषियों ने साथ चलने, साथ बढ़ने का मंत्र दिया था।

***सामूहिकता और सार्वभौमिकता का संदेश हमारे ऋषियों ने दिया है हम लगातार उससे विमुख होते चले जाते हैं। हम कभी पश्चिम की तरफ देखते हैं कभी पूरब की तरफ देखते हैं। भारत के भारत माता के लाड़ले सपूतों अपने अंदर झाँक कर देखो जो समृद्धि हमारे अंदर भरी है जो सामर्थ्य हमारे अंदर हमारे ऋषियों ने भरा है जो हमारे डीएनए का हिस्सा है हमारे रक्त की बूंद बूंद में जो चीज़ भरी है अगर हम उसे पहचान जाएँगे तो हमें किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।***

**********

परिवहन निगम के पन्द्रह हजार कर्मचारियों का महंगाई भत्ता आठ प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। अभी तक उन्हें अड़तीस प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा था जो बढ़कर छियालीस प्रतिशत हो गया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि महंगाई भत्ता बढ़ने से परिवहन निगम पर करीब पांच करोड़ रूपये का अतिरिक्त भार आयेगा।

**********

राष्ट्रीय जांच एजेंसी– एनआईए की लखनऊ स्थित विशेष अदालत ने आज हिज्ब–उल–मुजाहिदीन के एक आतंकी को आतंकी साजिश के मामले में आजीवन कारावास और 50 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। असम के होजाई जिले के कमरूज जमान को देश और प्रदेश के कई हिस्सों में आतंकी हमले करने की आपराधिक साजिश में दोषी करार देकर विशेष अदालत ने जेल भेज दिया है। एनआईए ने जांच में पाया था कि आरोपी कमरूज जमान ने सह–आरोपियों के साथ मिलकर भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की आपराधिक साजिश रची थी।

**********

देशभर में कल मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय है– हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी। इस अवसर पर कल अमरोहा में स्कूल कॉलेजों में गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को मानवाधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। शामली में विश्व मानवाधिकार दिवस पर एस.पी शामली रामसेवक गौतम ने पुलिस कर्मियों को मानव अधिकारों, कर्तव्यों और समानता का पालन करने की शपथ दिलाई। वाराणसी में भी अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, डा. एस चन्नप्पा ने पुलिस कर्मियों को मानवाधिकारों के संरक्षण की शपथ दिलायी। इस अवसर पर यूनिसेफ के शिक्षा विशेषज्ञ ऋत्विक पात्रा ने आकाशवाणी समाचार से खास बातचीत में कहा कि भारत में बच्चों खासकर दिव्यांग बच्चो के अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

***बच्चों में काफी सारे एवरनेंस अभी तो हुआ है अपने अधिकारों को लेकर अपने कर्तव्यों को लेकर, हमें सिर्फ यह ध्यान में रखना है कि हर बच्चे का अधिकार जो है किस तरीके हम उसको प्रोवाइट करे। कुछ तो पैरेन्ट्स की जिम्मेदारी है, कुछ टीचरों की जिम्मेदारी है, कुछ एडमिनिस्टेस की जिम्मेदारी है, कुछ पालिटिशियन की जिम्मेदारी है। प्रयास करे तो जरूर सबको मिले मेरा तो यह कहना होगा कि अगर हम बच्चों के लिये कुछ कर रहे हैं, उनसे सलाह लेना बहुत जरूरी है ऐसा नहीं है कि वह सलाह नहीं दे सकते, उनके जमीर के बारे में अगर कुछ किया जा रहा है उनका लेना उनसे कन्सलटेंशन करना बहुत जरूरी हो जाता है।***

**********

भव्य और दिव्य महाकुम्भ के आयोजन को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। इस बार महाकुम्भ में 40 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के संगमनगरी आने का अनुमान है। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का सही आंकलन करने के लिए प्रदेश सरकार विशेष इंतज़ाम कर रही है। इस संबंध में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि लोगों की काउंटिंग और ट्रैकिंग के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मेला क्षेत्र के अंदर 200 स्थानों पर लगभग 744 अस्थायी सीसी टीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जबकि शहर के अंदर 268 स्थानों पर 1107 स्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यही नहीं, 100 से अधिक पार्किंग स्थलों पर 720 सीसी टीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं।

**********

हाथरस स्थित मथुरा–कासंगज हाइवे पर कल एक अनियंत्रित ट्रक ने सवारी ले जा रहे वाहन को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख और गंभीर रूप से घायलों को 50–50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।